




## HB2926 - पुलिस की बारात : फूलन देवी और चंबल गैंग (उत्तर प्रदेश क्राइम फाइल)

**लेखक – ब्रजलाल**

बृजलाल का जन्म एक छोटे से गांव गुजरौलिया खालसा, जनपद सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश में 17 नवम्बर 1954 को हुआ । वर्ष 1974 में बी.एस-सी. (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित) और वर्ष 1976 में एम.एस.सी. (गणित) इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

बृजलाल, देश के एक श्रेष्ठ अलंकृत आई.पी.एस. अधिकारी रहे हैं। पुलिस की बारात एक ऐसी ही सत्य घटना पर आधारित है, जिसके वही मुख्य किरदार थे । यह पुस्तक "पुलिस की बारात फूलन देवी और चंबल गैंग" (उत्तर प्रदेश क्राइम फाइल) के रुप में उनके लेखन की तीसरी कड़ी है ।





## HB2913 - चर्चित एवं लोकप्रिय कहानियाँ "तेनालीराम"

लेखक – तेनालीराम

तेनाली राम का जन्म 16वीं शताब्दी में आंध्रप्रदेश राज्य में हुआ था. वहीं जन्म के समय इनका नाम गरलापति रामाकृष्ण था। तेनालीराम महान कवि ने किसी भी तरह की शिक्षा प्राप्त नहीं की थी। अशिक्षित होने के बावजूद तेनाली रामा ने मराठी, तमिल और कन्नड़ जैसी भाषाओं में महारथ हासिल की हुई थी।

इस पुस्तक मैं प्रसिद्ध ज्ञानी और महान कवि तेनालीराम की लघु कहानी का संकलन है। जिसमें वह राजा की समस्याओं का समाधान प्रदान करता है और उन सभी की मदद करता है जिन्हें इसकी आवश्यकता है। मूल रूप से, यह जीवन को आसान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली नैतिक कहानियाँ हैं। विजयनगर राज्य के राजा कृष्णदेवराय और तेनाली की जोड़ी को अकबर और बीरबल की जोड़ी के समान माना जाता है।





## HB2912 - टीवी एंकरिंग चैनलों के चेहरे

**लेखक -डॉ. श्याम कश्यप और डॉ. मुकेश कुमार**

यह किताब डॉ. श्याम कश्यप और डॉ. मुकेश कुमार द्वारा जनसंचार एवं पत्रकारिता विषय के ऊपर लिखीगई उत्तम रचना है ।

न्यूज़ चैनलों की जब भी बात होती है तो उनके एंकर की चर्चा ज़रूर की जाती है। और कैसे न हो। वह ऐसे चेहरों की तलाश में रहता है, जो दर्शकों को बाँध सकें । यह पुस्तक न केवल एंकरिंग के सम्बन्ध में जानकारी देती है, बल्कि छात्रों के लिए ऐसी सामग्री भी उपलब्ध कराती है, जिससे वे ख़ुद अपनी तैयारी को आगे बढ़ा सकें।





**HB2921 - भारत का संविधान**

**लेखक - डॉ. अशोक सक्सेना**

अशोक सक्सेना का शैक्षिक परिदृश्य और सामाजिक कार्यक्षेत्र राजनीतिक वेदी पर समाया हुआ है।

यह पुस्तक भारतीय संविधान के कानूनों और सरकार के अंतर्संबंध कार्य संरचना पर विस्तार से लिखी गई है जिसमें लोगों को दिए गए नियमों और विनियम कानूनों के बारे में बताया गया है। पुस्तक यह भी बताती है कि किसी विशेष कानून को कैसे पारित किया जाता है और समाज में लागू किया जाता है। व्यवहार रूप में प्रत्येक देश में प्रायः सभी कानून विधान मण्डल द्वारा बनाए जाते हैं और व्यवस्थापन कानून के सर्वप्रमुख स्रोत का रूप धारण करता जा रहा है।




## HB2899 - जंगल जाग उठा (कहानी संग्रह)

**लेखक - बिपिन बिहारी**

बिपिन बिहारी मूलतः हिंदी कथाकार हैं। सबसे ज्यादा लिखने वाले दलित कथाकार। अबतक इनके 13 कहानी संग्रह (लगभग 300 कहानियां) एवं 7 उपन्यास प्रकाशित हैं। इनका 1 लघुकथा संग्रह एवं 3 कविता संग्रह भी प्रकाशित है। बिपिन बिहारी पिछले ढाई दशक से रचनाशील हैं। इन्होंने अब तक ढाई सौ कहानियाँ लिखी हैं।

'जंगल जाग उठा है' कहानी संग्रह में आदिवासी जीवन के विविध रंग, छटाएं और आदिवासीगत समस्याएं हैं। जंगल के जाग उठने का आशय है कि आदिवासी जाग गया है, जाग रहा है या जागने की प्रक्रिया में है। वास्तव में जंगल और जंगलवार की दोनों ही संकट में हैं। जंगल दिनोंदिन घट रहा है और आदिवासी संकटग्रस्त है। उनकी अस्मिता पर बनी हुई है।